हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 जून 2024

तापमान

अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .5 डिग्री

11 मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा चाक चौबंद, छह सौ पुलिस जवान बनाएंगे व्यवस्था




12 रीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं को मिली सभी आधुनिक सुविधाएं



## गर्ल्स कॉलेज व जैन स्कूल में ईवीएम की सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग

# आज कड़ी सुरक्षा के बीच खुल जाएगा उम्मीदवारों का भाग्य, प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

■ डीसी राहुल हुड्डा ने अधिकारियों के साथ मतगणना केंद्रों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव के मतदान होने के बाद ईवीएम में बंद उम्मीदवारों का भाग्य 4 जून को खुल जाएगा। शहर में मतगणना के लिए प्रशासन की ओर से कड़े बंदोबस्त किए गए है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि प्रातः 8 बजे से जिला की तीनों विधानसभाओं के लिए मतगणना प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने मतगणना से संबंधित स्टाफ को निर्धारित समय पर मतगणना केंद्र में अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि काउंटिंग एजेंट, एवं काउंटिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने सोमवार को एसपी शशांक कुमार सावन के साथ मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए किसी भी राजनैतिक पार्टी या चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की ओर से नामित मतगणना एजेंट की पुलिस वेरिफिकेशन उपरांत ही प्रवेश की अनुमति होगी।





रेवाड़ी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी, एसडीएम विकास यादव से चर्चा करते एसपी शशांक सावन। फोटो :हरिभूमि

### अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रहेगा वर्जित

डीसी हुड्डा ने बताया कि प्रथम सुरक्षा घेरा मतगणना केंद्र से 100 मीटर दूरी से प्रारंभ होगा। यह स्थान पैदल क्षेत्र होगा। यहां पर वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले अपने प्रवेश पत्र साथ रखेंगे और बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश निषेध रहेगा। इस क्षेत्र में काउंटिंग एजेंट, अभिकर्ता, मतगणना स्टाफ और मीडिया पर्सन को जारी किए गए प्रवेश पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। द्वितीय सुरक्षा चक्र परिसर के प्रवेश द्वार पर होगा। प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग के उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा। महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग की व्यवस्था रहेगी। यहां माचिस, लाइटर, शस्त्र, आईपोड, रिकॉर्डिंग डिवाइस प्रतिबंधित रहेगे। मोबाइल का उपयोग भी केवल निर्दिष्ट स्थान पर ही किया जा सकेगा। तीसरा चक्र आंतरिक सुरक्षा के रूप में गणना हॉल के प्रवेश द्वार पर होगा। सुरक्षा कर्मियों की टुकड़ी से लैस प्रवेश द्वार पर भी फ्रिस्किंग की व्यवस्था रहेगी। मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी अनाधिकृत व शरारती तत्व को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### स्ट्रांग रूम की लगातार की जा रही मॉनिटरिंग

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड व अन्य पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि काउंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है। मतों की गिनती के बाद ईवीएम को वापस स्ट्रांग रूम में उसी स्थान पर रखा जाए। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बावल व विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए जैन पब्लिक स्कूल में मतगणना होगी।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने लोकसभा आम चुनाव की मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मतगणना केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 के लिए डीएफएससी अशोक कुमार को मतगणना केंद्र भवन के अंदर, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग रविंद्र पाल को कानून एवं व्यवस्था के लिए तथा जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार को ऑवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया है। जैन पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्र के लिए डीडीपीओ नरेंद्र सारवान को मतगणना केंद्र भवन के अंदर, कार्यकारी अभियंता डीएचबीवीएन कुलदीप नेहरा को कानून एवं व्यवस्था के लिए तथा अधीक्षक अभियंता डीएचबीवीएन मनोज यादव को ऑवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया है।

### मतगणना केंद्रों के बाहर लागू रहेगी धारा 144

लोकसभा आम चुनाव की मतगणना के दौरान जैन पब्लिक स्कूल व राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 में बने मतगणना केंद्रों पर मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 लागू रहेगी। मतगणना केंद्रों के आस-पास के 200 मीटर क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केन्द्रों के अंदर हथियार व अन्य ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल-आईपैड, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। ड्रोन नियम-2021 के तहत जिले में ड्रोन-ग्लाइडर का उपयोग करने व उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना क्षेत्र को रेड जोन तथा मतगणना केंद्रों के 100 मीटर क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश पुलिस तथा अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पर लागू नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** रामजस नगर में एक महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में रोजी ने बताया कि उसके पास राजस्थान के मुसारी निवासी इस्माइल का फोन आया था। उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद इस्माइल गाड़ी लेकर उसके घर के पास आ गया। गाड़ी के पास बुलाकर उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसकी सास ने बचाव करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देन के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 27 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने नाहड़िया बाजार मोहल्ला निवासी हंसराज, बोहरिका मोहल्ला निवासी सुधीर और गुरूग्राम के चक्रपुर निवासी सुशांत यादव को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल

**कुंड।** काठूवास टोल प्लाजा के निकट बाइक की टक्कर लगने से एक बाइक चालक घायल हो गया। थाना खोल पुलिस को दर्ज बयान में चिताडूंगरा निवासी सत्यवीर ने बताया कि वह बाइक से अटेली से अपने घर लौट रहा था। टोल प्लाजा क्रॉस करने के बाद एक बाइक ने सामने से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्तपाल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 30 मई को पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के गढ़ी मोहनलाल निवासी आकाश उर्फ भूरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अड्टिरक्षा के तहत जेल ड्टोज दिया गया।

### मारपीट के आरोप में दो के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने टींट गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में विनोद शर्मा ने बातया कि उसकी दादी के साथ खेत में गांव का सुरेंद्र झगड़ा कर था। उसने उसे समझाने की कौशिश की, लेकिन वह हाथापाई पर उतर आया। इसके बाद वह अपने घर आ गया। घर आने के बाद गांव के ही पेचन के साथ मिलकर उसने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 1 जून को अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर विड्टिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने सेक्टर-6 निवासी दीपक यादव को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां उसे उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## रेवाड़ी से नारनौल जाना हुआ महंगा, कार व जीप चालक को अब देने होंगे 95 रुपये

■ रेवाड़ी-जैसलमेर हाइवे-11 पर काठूवास टोल पर एनएचएआई ने 5 .55 प्रतिशत टोल वृद्धि की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

रेवाड़ी-जैसलमेर हाइवे-11 पर काठूवास स्थित टोल पर एनएचएआई ने सोमवार से 5.55 प्रतिशत टोल वृद्धि कर दी है। अब रेवाड़ी से नारनौल जाना थोड़ा मंहगा हो गया है। कार, जीप को 90 की बजाय 95 रुपये तथा मंथली पास के लिए 330 के स्थान पर 340 रुपये देने पड़ेंगे। टोल पर बढ़ोतरी 1 अप्रैल से लागू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनावों के चलते एनएचएआई ने एक माह बाद यह कदम उठाया है। एनएचएआई की ओर से एनएच-11 पर कुंड कस्बे से सटे राजस्थान के काठूवास स्टैंड के समीप टोल प्लॉजा स्थापित किया हुआ है। इस टोल पर पर 20 लेन बनी हुई थी।



रेवाड़ी। एनएच-11 पर काठूवास के पास स्थित टोल प्लॉजा। फोटो :हरिभूमि

वर्तमान में हीगल इंफ्रा के पास 1 नवंबर 2025 तक इसका राजस्व एकत्रित करने की जिम्मेदारी है। टोल प्लॉजा के प्रबंधक नानक लूला व एटीएम हितेश ने बताया कि एनएचएआई हर साल अप्रैल माह में टोल में वृद्धि करती है। इस बार टोल में बढ़ोतरी एक माह बाद की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-11 सीधा दिल्ली को सीकर, चुरू, बीकानेर व जैसलमेर से जोड़ता है। इसी मार्ग पर नारनौल व रेवाड़ी के लिए हजारों की संख्या में वाहन गुजरते है। एनएचएआई को टोल के माध्यम से लाखों रुपये प्रतिदिन एकत्रित होता है।

## ईंधन में लगी आग से पेड़-पौधे जले

■ फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बेरली रोड पर लाखनौर गांव में सड़क किनारे पड़े ईंधन में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि सड़क के किनारे खड़े कई पेड़ व पौधे इसकी भेंट चढ़ गए। फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आगजनी के कारणों का पता नहीं चला सका। ग्रामीणों ने सड़क किनारे ईंधन व उपले डाले हुए हैं। सोमवार को सुबह के समय ईंधन में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने खुद आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने के कारण आगे भड़क उठी। इससे कई पेड़-पौध आग की चपेट में आ गए। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया कई पेड़ और पौध आग की भेंट चढ़ चुके थे।



रेवाड़ी। सड़क किनारे पड़े ईंधन में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

## महिला के साथ मिलकर पत्नी को जमकर धुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

घर से लापता होने के बाद गैर महिला के साथ घूम रहे रामपुरा के एक व्यक्ति ने विरोध जताने पर उसी महिला के साथ मिलकर अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा निवासी निशा ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसका पति हंसराज बीते शनिवार से घर से लापता था। उसने अपने बेटे के साथ मिलकर पति की खोजबीन शुरू की। बाद में उसका पति जसप्रीत नाम की महिला के साथ घूमता हुआ मिला। उसने विरोध जताते हुए पति को घर चलने के लिए कहा तो महिला और हंसराज ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसके बेटे ने फोन करके परिजनों को बताया। परिवार के सदस्यों ने मौके पर आकर उसे छुड़वाया। उसके पति को भी कुछ चोटें आईं। निशा का आरोप है कि उसकर पति इसी महिला पर अपनी सारी कमाई खर्च कर रहा है, जिससे उसके लिए परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

### रमेश लोक जनसेवा मंच के प्रधान बने

**रेवाड़ी।** सोमवार को राव तुलाराम पार्क में लोक जनसेवा मंच का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवा भारती जिला रेवाड़ी के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा ने की। बैठक में रमेश शर्मा को मंच का प्रधान नियुक्त किया गया। सावल राम यादव ने इसका अनुमोदन किया। रमेश शर्मा को स्वेच्छा से कार्यकारिणी गठन करने का अधिकार दिया गया। इस मौके पर नरेन्द्र जोशी, महेन्द्र गोयल, रविन्द्र मुद्गिल, महेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार चौहान, श्याम सुंदर चतुर्वेदी, राम चंद्र, ईश्वर सिंह आर्य, अजय शर्मा एडवोकेट, गिरिश भारद्वाज नगर पार्षद, सुंदर मुद्गिल, यशदीप आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के बाद लूट की वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली से पटना जा रहे एक रेल यात्री को बदमाशों ने रास्ते में मारपीट व लूट का शिकार बना दिया। बाद में वह दिल्ली रोड पर नहर किनारे अचेतावस्था में पड़ा मिला। मांढैया के ग्रामीणों ने उसे देखने के बाद गांव ले जाकर उसका उपचार कराया। पूरी तरह होश में आने के बाद युवक ने आपबीती सुनाई। इसके बाद ग्रामीणों ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद परिजन उसे लेने के लिए गुजरात से रवाना हो गए। मांढैया कलां निवासी सुरेंद्र को नहर के पास एक युवक अचेतावस्था में पड़ा देखा। सुरेंद्र उसे ग्रामीणों की मदद से अपने घर ले गया। उसका उपचार कराया गया। जब वह पूरी तरह से होश में आया तो उसने बताया कि वह पटना रहने वाला शत्रुघ्न है। वह पांच दिन पहले दिल्ली से अपने घर जाने के लिए ट्रेन में सवार हुआ था। ट्रेन में कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए नकदी, मोबाइल फोन व अन्य सामान छीन लिया। इसके बाद वह बेसुध हो गया।

वह नहर के पास कैसे पहुंचा, उसे यह भी याद नहीं है। सुरेंद्र ने उससे बातचीत के बाद उसके बताए गए नंबर पर पटना में संपर्क किया। उसकी मां भी कई दिनों से संपर्क नहीं होने के कारण परेशान हो रही थी। बेटे के सकुशल होने से उसे राहत मिली है। फिलहाल युवक को सुरेंद्र ने अपने घर पर ही रखा है। उसके परिजनों के पहुंचने के बाद जीआरपी को मामले की शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### ग्रामीणों ने बेसुध मिले युवक को बचाया



रेवाड़ी। सुरेन्द्र के साथ बचाने वाले युवक। फोटो :हरिभूमि

**मौसम** मौसम में बदलाव के बाद बढ़ा हवा में नमी का स्तर, आज आसमान में बादल और बूंदाबांदी की संभावना

## हीटवेब के प्रकोप से मिली राहत, अब उमस भरी गर्मी बनेगी आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दो दिन से कई इलाकों मे तेज हवाओं के साथ बौछारों के बाद तापमान में गिरावट आने से हीटवेव के प्रकोप में काफी हद तक कमी आई है, लेकिन हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस भरी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया है। नमीयुक्त गर्म हवाओं के कारण मौसम में भारी उमस बनने लगी है, जिससे लोगों को दिन भर पसीने-पसीने होना पड़ रहा है। 4 जून को एक बार फिर आसमान में बादल छाने और बंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। नौतपा में 9 दिनों में तापमान में काफी वृद्धि होने से लोगों को लू के जबरदस्त प्रकोप का सामना करना पड़ा है। गत सप्ताह तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मई माह के अंतिम दिन तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में बौछारें गिरने के बाद तापमान में गिरावट आई है। रविवार को पड़ोसी राज्य राजस्थान के कोटपुतली व उसके आसपास तेज बरसात और ओलावृष्टि का असर सोमवार को यहां भी देखने को मिला। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 30 फीसदी तक पहुंच गया। लोगों को लू के प्रकोप से कुछ राहत जरूर मिली है, परंतु गर्मी अभी भी परेशान कर रही है। गर्म आद्रर्ता वाली हवाओं के कारण चिपचिपाहट जमकर पसीने छुड़ा रही है। बाजार से लेकर सड़कों तक पर दोपहर के समय गर्मी का असर खूब देखा जा रहा है।



रेवाड़ी। धूप में छाते से बचाव करता व्यक्ति। फोटो :हरिभूमि

### परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 4 जून से प्री-मानसून बारिश देखने को मिल सकती है। आसमान में बादलों के बीच कहीं हल्की, तो कहीं तेज बरसात हो सकती है। तेज हवाओं के चलने की संभावना है। इस सप्ताह मौसम परिवर्तनशील बना रहने के आसार हैं। तापमान में उतार चढ़ाव बना रहेगा। इस बार तापमान ज्यादा बढ़ने की उम्मीद नहीं है, जिससे भयंकर लू के प्रकोप से निजात मिली रह सकती है। अगर प्री-मानसून बरसता होती है, तो वह किसानों के लिए काफी फायदमंद साबित हो सकती है।

### बिजली की खपत में आई कमी

मौसम में बदलाव के कारण बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कुछ हद तक राहत मिली है। अभी तक कूलरों से ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने की नौबत आई हुई थी। तापमान में मामूली कमी और आने के बाद ट्रांसफार्मरों के हीट होने का खतरा कम हो जाएगा। बिजली की मांग में 4 से 10 लाख यूनिट तक की कमी आई है। प्री-मानसून बरसात होती है, तो बिजली की मांग काफी कम हो जाएगी। कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत जरूर बढ़ने लगी है।

### सड़क किनारे मिला व्यक्ति का शव, गर्मी से मौत होने की आशंका

**रेवाड़ी।** कंकरवाली से कालूवास की ओर जाने वाले रोड पर सोमवार दोपहर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसकी मौत गर्मी के कारण होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि कंकरवाली के निकट सड़क किनारे एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज भी बरामद नहीं हुए। बाद में पुलिस ने शव को अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक मौत गर्मी से होने की आशंका है। सही कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा।

हरिभूमि

# सहेली

विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून **विशेष**



आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

स्त्रियों की नैसर्गिक संवेदनशीलता, निर्मित करने, संवारने में यकीन करती है। वे कभी नहीं चाहतीं कि हम प्रकृति के साथ ऐसा कुछ करें कि विनाश की ओर बढ़ें। जनजीवन में हाहाकार मचे। इसीलिए स्त्रियां पर्यावरण को लेकर विशेष रूप से जागरूक हैं। वे बड़े ही नहीं छोटे-छोटे काम करके भी पर्यावरण संरक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण में स्त्रियों की भूमिका पर एक नजर।

## पर्यावरण बचाने के भाव को सींचता स्त्रीमन

सामाजिक-पारिवारिक संबंध हों या पर्यावरण और प्रकृति के रंग, महिलाएं सब कुछ सहेजना जानती हैं। डेली रुटीन में पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत से छोटे-छोटे कदम उठाने का काम महिलाएं बहुत सहजता से करती हैं। स्वच्छता, किफायत और भविष्य के लिए कुछ बचाए रखने का भाव स्त्रियों में ही सबसे ज्यादा होता है। मितव्ययिता और प्रकृति से मिले संसाधनों का दोहन ना करने की यही सोच आज पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। प्रकृति के इंद्रधनुषी रंगों को कायम रखने का भाव हमारी परंपरागत जीवनशैली का भी हिस्सा रही है। महिलाओं ने इन परंपराओं को मन से सींचा है। प्रकृति की हरियल आभा को सहेजते हुए, पर्यावरण को बचाने में सदा से अहम भूमिका निभाई है। घर से लेकर जन-आंदोलनों के जरिए जागरूकता लाने तक, महिलाएं हर मोर्चे पर डटी रही हैं।

### बदलाव की धुरी घर

विश्व पर्यावरण दिवस, दुनिया भर में प्रकृति की रक्षा के प्रति संवेदनाएं सींचने का विशेष दिन है। यह दिन पर्यावरण संरक्षण की सोच से जुड़ने और जागरूकता लाने की कोशिशों को बल देने का संदेश लिए है। असल में ग्लोबल लेवल पर अवेयरनेस लाने के प्रयासों के साथ ही एंवॉयर्नमेंट को बचाने के लिए घरेलू मोर्चे पर भी प्रयास आवश्यक हैं। हमारे देश में तो तुलसी, पीपल सींचने की परंपरा रही है। पेड़ काटने को पाप और पेड़-पौधे रोपने को पुण्य के भाव से जोड़कर देखा गया है। बहुत से रीति-रिवाजों के निर्वहन और व्रत-उत्सव के पूजन में भी विशेष पेड़-पौधों की उपासना की जाती है। ऐसी सभी बातें महिलाओं से गहराई से जुड़ी हैं, जिसके चलते स्त्रियां प्रकृति के प्रति भी सरोकार और संवेदना भरा मन रखती हैं। हरियाली को पोसने का भाव-चाव हो या प्रकृति के रंगों को सहेजने के मायने समझना, महिलाएं मन से सब कुछ करती आई हैं। बिजली-पानी बचाने, छोटे से छोटे आंगन में भी हरियाली उगा लेने, आंगन में उतरी



चिड़ियां को दाना डालने और कम से कम संसाधनों में भी गुजारा कर लेने वाली महिलाओं का व्यवहार और सोच बुनियादी रूप से पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने वाली ही रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए स्त्रीमन के इस सरोकारी भाव से सभी को सीख लेनी चाहिए। लाइट-पंखे बंद करना, पानी व्यर्थ ना बहाना, प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाना, जूठन न छोड़ना जैसे इंसानी बर्ताव से जुड़े कई पहलू पर्यावरण को बचाने में सहायक हैं। ध्यान रहे कि ऐसी गलतियों के लिए घर की महिलाएं ही सबसे अधिक रोकती-टोकती हैं। हर सदस्य छोटी-छोटी बातों का खयाल रखें तो देश-दुनिया का हर घर प्रकृति को सहेजने से जुड़े बड़े बदलाव लाने की धुरी बन सकता है।



### किफायती सोच की धनी

महिलाएं धन ही नहीं, अन्न-जल के मामले में भी किफायत बरतना नहीं भूलतीं। मुफ्त में मिले प्राकृतिक संसाधन हों या खरीदे गए सामान, फिजूलखर्ची पर फिक्रमंद होना उनकी आदत है। ध्यान रहे कि भविष्य की चिंता करने की सोच ही संसाधनों की बर्बादी से रोकती है। बेवजह की खपत कुदरत के रंग छीनने का सबब ही बनती है। स्त्रियों का मन आज के आराम भर के लिए नहीं बल्कि आने वाले कल के लिए भी बहुत कुछ सहेज लेना चाहता है। पर्यावरण को बचाने के लिए भी हमें यही तो करना है। भावी पीढ़ियों के लिए इस धरती से मिली जल, जंगल, जमीन और पशु-पक्षियों की अनमोल थाती को सहेजना है।

संसाधनों के दोहन को न रोका तो धरती की गोद सूनी हो जाएगी। चिड़ियों की चहक खो जाएगी। नदी, तालाब सूख जाएंगे। गौरतलब है कि साल 2024 के लिए वर्ल्ड एंवॉयर्नमेंट-डे की थीम भी धरती की गोद से गुम होती हरियाली से ही जुड़ी है। इस साल पर्यावरण को सहेजने के अभियान का विषय 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि की मरम्मत और मरुस्थलीकरण और सूखे को दूर करने पर केंद्रित है। यह थीम बदलते इकोसिस्टम के कारण दुनिया भर की कम्युनिटीज को प्रभावित करने वाली कई चुनौतियों को सामने रखती है। रेगिस्तान में बदलती धरती की गोद के सूनेपन को स्त्रियों से बेहतर कौन समझ सकता है। पीड़ा को समझने और परवाह के भाव को जीने वाला मन ही प्रकृति के उजड़ते आंगन का दर्द समझ सकता है। जरूरी है कि हर इंसान प्रकृति के इस दर्द को समझे। ❀

### पर्यावरण सहेजने की मुखर आवाज



गौरा देवी



चिलकापल्ली अनसूयाम्मा

**भारत के** सामाजिक-पारिवारिक सिस्टम में स्त्रियों का मन साझे जीवन के भाव को गहराई से समझता है। यही वजह है कि प्रकृति के साझे रंगों को सहेजने के लिए स्त्रियां मुखर रही हैं। छोटे से घर की बालकनी में हरियाली पोसने वाली महिलाएं, पेड़-पौधे लगाने में ही नहीं, बचाने में भी अहम भूमिका निभाने वाली रही हैं। कितनी ही महिलाएं प्रकृति और पर्यावरण को बचाने से जुड़े जन-आंदोलनों की अहम कड़ी भी रहीं। 'पर्यावरण का गांधी' के नाम से चर्चित सुंदरलाल बहुगुणा का साथ देने में महिलाएं ही सबसे आगे रहीं। उधर गौरा देवी के नेतृत्व में पेड़ों को बचाने से जुड़ी वैश्विक मुहिम को ईको फेमिनिस्ट मूवमेंट भी कहा जाता है। आज भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पर्यावरण बचाने वाले आंदोलनों का हिस्सा हैं। तेलंगाना की चिलकापल्ली अनसूयाम्मा को 22 गांवों में करीब बीस लाख पेड़ लगाने के लिए यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। राजस्थान के पिपलांत्री गांव की पर्यावरण सहेजने और बेटी बचाने की मुहिम तो दुनियाभर में चर्चित है। इस गांव में बेटी के जन्म पर ग्रामीण 111 पेड़ लगाकर खुशियां मनाते हैं। बेटियों का स्वागत और धरती का शृंगार करने की यह रीत सचमुच अनोखी है।

भागीदारी / सरस्वती रमेश



## संकट में धरती मां आना होगा कारगर भूमिका में

यह सच है कि हम धरती की कोख से नहीं जन्मे हैं, लेकिन धरती हमारी मां है। क्योंकि हमारा पालन-पोषण धरती की गोद में होता है, उसके उपकार से होता है। इसकी मिट्टी में उपजे अन्न और फल-फूल से हमारा पेट भरता है। धरती के वृक्षों की हवाओं से हम सांस लेते हैं। धरती पर बहती नदियों, प्रपातों से हमें जल मिलता है, ऐसे ही ना जाने कितने अनगिनत जीवन रक्षक चीजों का लाभ हमें धरती से मिलता है। हम सब पर उपकार करने वाली धरती मां पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जंगल, पहाड़, नदियां, मिट्टी, हवा, पानी सब पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। सुंदर प्राकृतिक संसाधनों के विनाश को देखकर धरती पीड़ा में है। धरती की यह पीड़ा हम महिलाएं बहुत ही गहराई से समझ और महसूस कर सकती हैं। इसलिए पीड़ा को दूर करने की जिम्मेदारी उठाने के लिए हमें आगे आना चाहिए।

**आना होगा आगे:** आज जब फ्लाईओवर, बिल्डिंग और सड़कें बनाने के लिए अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं, तब इन्हें बचाने के लिए हम महिलाओं को ही आगे आना होगा। आज की नारी तो अपने पर्यावरण संरक्षण के प्रति कहीं ज्यादा जागरूक और सुशिक्षित है। अनेक महिलाएं यहां तक कि किशोर लड़कियां आज पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चला रही हैं। हमें भी अपने आस-पास विकास के नाम पर काटे जाने वाले पेड़ों को कटने से रोकना चाहिए।



**मिलकर कदम बढ़ाना होगा:** जिस तरह से एक स्त्री अपने घर-परिवार और रिश्तों को बड़े संतुलित तरीके से संभालती और संवारती है, इसी तरह वह चाहे तो अपने आस-पास के पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए भी कोशिश कर सकती है। सोसायटी की महिलाएं मिलकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाते हुए इसे बचाने के प्रयासों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। इस अभियान में सबसे जरूरी है, अपने आस-पास के पर्यावरण को साफ और हरा-भरा रखना। इसके लिए आप-पास की महिलाएं एकजुट होकर सबसे पहले अपने सोसायटी को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाएं। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालना। सोसायटी की खाली जगह पर पेड़-पौधे लगाना। उनकी देखभाल करना जैसे कार्यों से बदलाव लाए जा सकते हैं। इस काम में यदि परिवार का भी साथ मिले तो निश्चित ही महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा।

**करना होगा सबको जागरूक:** आज हमारा पर्यावरण संकट में है। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक प्रभाव अब दिखने लगे हैं। इन दिनों उत्तर भारत में तापमान 50 डिग्री को छू रहा है। इंसान के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। धरती पर आई इस पर्यावरणीय आपदा को दूर करने में हम स्त्रियों को भी अहम भूमिका निभानी होगी। भले ही हमारे कदम छोटे-छोटे हों, लेकिन हमारी कोशिश समुचित और निरंतर होनी चाहिए। विश्व की महान हस्तियां मानती हैं कि सृष्टि में कोई भी बड़ा परिवर्तन महिलाओं के बिना संभव नहीं है। उनकी सहभागिता से सफलता मिलती है। तो आइए, हम नारी शक्ति मिलकर अपनी धरती को बचाएं। ❀

सलाह / विनीता

## बच्चों को भी बनाएं पर्यावरण के प्रति जागरूक

घर बच्चों की प्रथम पाठशाला है और मां प्रथम शिक्षिका। ऐसे में मां की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह आरंभ से ही अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दे कि उनके मन में प्रकृति के प्रति प्रेम रहे, वे पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जागरूक बनें। इसके लिए मांओं को इन बातों का ध्यान रखना होगा-

**ऊर्जा के संसाधनों का ना हो दुरुपयोग:** मांएं अपने बच्चों को समझाएं कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पानी, बिजली जैसे ऊर्जा के संसाधनों का सीमित उपयोग करना चाहिए। जब वे कमरे से बाहर निकलें तो पंखा, एसी, कूलर, लाइट और टीवी जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्विच ऑफ कर दें। ब्रश करते समय बेवजह नल खुला न छोड़ें। स्कूल से लौटने के बाद अगर वाटर बॉटल में पानी बचा हो तो उसे फेंकने के बजाय गमलों में डाल दें। बच्चों को यह भी बताएं कि अपनी कॉपी के पन्ने फाड़कर, पेंसिल को अनावश्यक रूप से छील कर बर्बाद ना करें। ये दोनों चीजें पेड़ों से बनती हैं, इससे पेड़ों की संख्या कम होगी।



**प्रकृति से करें प्यार:** मांएं अपने बच्चों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए भी प्रेरित करें। उन्हें कोई गमला और फूलों के बीज लाकर दें। फिर उन्हें गमले में बीज लगाकर नियमित रूप से उसमें पानी देने को बोलें। जब बच्चा रोजाना पौधे की देखभाल करेगा, तो उसके मन में पेड़-पौधों के प्रति स्वाभाविक रूप से लगाव जागेगा। पौधे हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं, आप बच्चों को यह भी बताएं ताकि वे पेड़-पौधों का महत्व समझें।

**स्वच्छता का रखें ध्यान:** बच्चों को बताएं कि वे कूड़ा फेंकने के लिए हमेशा डस्टबिन का उपयोग करें। घर के बाहर भी फलों के छिलके, चॉकलेट, बिस्किट, वेफर्स आदि के पैकेट नजर आएं तो उन्हें समेट कर घर ले आएं और अपने डस्टबिन में डाल दें, बाद में सारा कूड़ा उपयुक्त जगह फेंक आएं। इससे सोसाइटी या कॉलोनी में प्रदूषण नहीं रहेगा। ❀

गर्मी के दिनों में आइसक्रीम, कुल्फी या फालूदा तो आप खाती ही होंगी। लेकिन आप चाहें तो घर में ही हेल्दी, टेस्टी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर इनका मजा ले सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।



## कूल-हेल्दी-टेस्टी फ्रूट पॉप्सिकल्स

सीजनल डिशेज / शिखर चंद जैन

गर्मी के मौसम में अकसर हमारा मन रंग-बिरंगी आइसक्रीम, कुल्फी और सॉफ्टी खाने का करता है। लेकिन हेल्थ के मद्देनजर आप इनके बजाय नेचुरल, टेस्टी, हेल्दी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर खाएं और खिलाएं।



**चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल्स:** एक बाउल में एवेकैडो को अच्छी तरह मैश कर ले। इसमें थोड़ा शहद, थोड़ा नीबू का रस और आधा कप नारियल पानी डालें। अच्छी तरह ब्लेंड करें। आप चाहें तो इसमें चॉप की हुई पाइनएप्पल स्लाइस भी डाल सकती हैं। इस मिक्सचर को मोल्ड में डालकर फ्रिजर में जमने के लिए रख दें। कुछ देर बाद चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल का मजा लें।

**मैंगो मस्ती पॉप्सिकल्स:** गर्मी के दिनों में आम को सबसे फेवरेट फल माना जाता है। रत्नागिरी आम हों या हापुस आम, इनकी मिठास के क्या कहने! अगर आप इनसे पॉप्सिकल्स बना लें तो खाने का मजा दोगुना हो जाएगा। इसे बनाने के लिए पके आम का पल्प ब्लेंड कर लें। इसमें स्वाद के मुताबिक चीनी मिलाएं और फिर इसे मोल्ड में भरकर जमने के लिए फ्रिज में रख दें। कुछ घंटे बाद अपने पसंदीदा आम का मजा मैंगो पॉप्सिकल्स के रूप में लें।

**ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स:** ब्लैक ग्रेप्स यानी काले अंगूरों में तमाम विटामिन और मिनरल्स होते हैं। इनका भरपूर लाभ उठाने और साथ ही आइसक्रीम जैसा मजा लेने के लिए आप ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए अंगूरों को ब्लेंड करते हुए इनमें चीनी और जरा सा नीबू का रस मिलाएं, फिर आइसक्रीम मोल्ड में डालकर जमने के लिए रख दें। आप चाहें तो टेस्ट को ट्विस्ट देंने के लिए पुदीने की पत्तियां भी इसमें मिला सकती हैं। कुछ ही देर में टेस्टी ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स रेडी हो जाएगा।



**तरबूज से बने टेस्टी पॉप्सिकल्स:** गर्मियों में तरबूज यानी वाटरमेलन भी खूब पसंद किया जाता है। लगभग जीरो कैलोरी और पानी से भरपूर मिनरल्सयुक्त तरबूज एक पौष्टिक फल है। इसका पॉप्सिकल बनाने के लिए इसके छोटे-छोटे टुकड़े काटें। अब थोड़ी सी चीनी, थोड़ा सा काला नमक और थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर इसे ब्लेंड कर लें। अब इन्हें मोल्ड में डालकर जमा लें और थोड़ी देर बाद अपनों के संग इनका आनंद लें। ❀

केयर / विधि



हेल्थ के साथ ही स्किन पर भी पॉल्यूशन बुरा प्रभाव डालता है। इससे मुंहासे, ड्रायनेस और झुर्रियां हो सकती हैं। जानिए, स्किन प्रोटेक्शन के इफेक्टिव तरीकों के बारे में।

## पॉल्यूशन के साइड इफेक्ट्स स्किन प्रोटेक्शन के ईजी टिप्स

प्रदूषण के संपर्क में आते ही स्किन नमी खोने लगती है, जिससे स्किन बेजान लगने लगती है। साथ ही स्किन सेल्स में घटने वाली कोलेजन की मात्रा से चेहरे पर पिगमेंटेशन का खतरा भी बढ़ता है। धूप और पॉल्यूशन से त्वचा की रंगत टैन होने लगती है और ड्रायनेस बढ़ने लगती है। इससे चेहरे और गर्दन की स्किन डार्क होने लगती है। बिना किसी प्रोटेक्शन के धूप और प्रदूषक तत्वों के संपर्क में आने से त्वचा में मेलानिन का प्रभाव बढ़ने लगता है और चेहरे पर फाइन लाइंस बनने लगती हैं। पर्यावरण में फैली गंदगी के संपर्क में आते ही स्किन पोर्स धूल, प्रदूषक तत्वों और ऑयल से भर जाते हैं। इससे चेहरे पर पिंपल्स होने की समस्या होने लगती है।

### बचने के उपाय

स्किन को प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

**स्किन को करें एक्सफोलिएट:** घर से बाहर निकलते ही प्रदूषण, स्किन की ऊपरी लेयर को अपनी चपेट में ले लेता है। इससे चेहरे पर संक्रमण और एक्स्ट्रा ऑयल जमा होने लगता है जो एक्ने, ब्लैक और व्हाइट हेड्स का कारण बनते हैं। ऐसे में स्किन को नियमित रूप से एक्सफोलिएट करने से बहुत फायदा मिलता है। ऐसा करने से आपकी स्किन पर मौजूद डेड सेल्स को हटाने में मदद मिलती है और स्किन पर मौजूद प्रदूषण के कण साफ होते हैं।

**रेग्युलर करें क्लींजिंग:** स्किन को नियमित रूप से साफ रखने से प्रदूषण के साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। इसके लिए माइल्ड फेसवॉश से चेहरे पर 15 से 20 मिनट तक मसाज करें और फिर चेहरे को धो दें। इससे फेस स्किन की डीप क्लींजिंग होगी। साथ ही त्वचा में मौजूद डस्ट पार्टिकल भी हटेंगे। इसके अलावा रुटीन से दिन में दो बार चेहरे को वॉश जरूर करें। उसके बाद चेहरे को नर्म तौलिए या रुमाल से साफ करें। ऐसा करने से फाइन लाइंस दिखने का रिस्क कम होता है।





**एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क:** एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क के प्रयोग से चेहरे पर मौजूद डस्ट और डर्ट पूरी तरह से क्लीन होने लगती है। इसके अलावा फेस स्किन, क्लीन और सॉफ्ट होती है। स्किन नरिशमेंट के लिए वीक में दो बार फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन की रफनेस और टैनिंग दूर होने लगती है। डीप क्लींजिंग के बाद फेस स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए फेस मास्क को 10 से 15 मिनट तक चेहरे पर लगाए रखें।

**यूज करें सनस्क्रीन:** चेहरे को सन रेज से होने वाले डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए सनब्लॉक क्रीम या एसपीएफ अवश्य लगाएं। स्किन नेचर के हिसाब से एसपीएफ का चुनाव करें। इसके अलावा सनस्क्रीन स्किन को एजिंग के प्रभाव से भी बचाने में कारगर साबित होती है।

**फेस को करें प्रोटेक्ट:** स्किन को सन रेज डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए हैट, कैप, छाता या स्कार्फ से ढंक कर ही घर से बाहर निकलें। इससे चेहरा सूरज की किरणों से प्रभाव से बचेगा, साथ ही चेहरे और गर्दन पर होने वाली टैनिंग की समस्या भी नहीं होगी। ❀

**(ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गोयल से बातचीत पर आधारित)**

### डाइट में शामिल करें एंटी-ऑक्सीडेंट रिच फूड्स

अपनी डाइट में एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड्स को शामिल करने से आपको बहुत फायदा मिलता है। विटामिन-सी, विटामिन-ई और ओमेगा-3 की पर्याप्त मात्रा वाले फूड्स जैसे संतरा, बादाम, अलसी आदि को भी डाइट में शामिल करें। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, स्किन प्रोटेक्शन करने के साथ ही प्रदूषण के प्रभावों को रोकने में भी मदद करेंगे।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

**खबर संक्षेप**

### नहर में डूबने से दौचाना के 16 वर्षीय छात्र की मौत

**नारनौल।** गांव जादूपुर की कच्ची नहर में डूबने से दौचाना के करीब 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। छात्र ने हाल ही में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन वह अकस्मात हादसे का शिकार हो गया। जानकारी मुताबिक गांव दौचाना निवासी करीब 16 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद रविवार दोपहर को बकरियां चराने के लिए जादूपुर नहर की तरफ गया हुआ था। उसके साथ उसका एक मित्र भी था। नहर में पानी देख दोनों उसमें नहाने उतर गए। नहर कच्ची होने के कारण एवं पानी में अधिक गहराई के कारण राजेंद्र का पैर फिसल गया, जिससे वह घबरा गया और नहर में डूब गया।

### मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण शुरू

**नारनौल।** मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण का कार्य शुरू हो गया है। कृषि विभाग कर्मचारी सुधीर यादव ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीब फसलों की बिजाई कर चुके है। वे उपरोक्त पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करवा ले। किसान कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। फसल बिक्री के समय सरकार की ओर से केवल पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही खरीद की जाएगी, असुविधा से बचने व फसलों को सरकार की ओर से निर्धारित दाम पर बेचे।

## केंद्रों पर सुरक्षा के प्रबंधों का एसपी शशांक ने लिया जायजा

# मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा चाक-चौबंद छह सौ पुलिस जवान बनाएंगे व्यवस्था

आपात स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व में रखी पुलिस की कई टुकड़ियां, 600 पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सोमवार को सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय व जैन पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि चुनावी मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किए गए है। मतगणना के दौरान करीब 600 पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना केंद्र में प्रत्येक व्यक्ति की गहनता से तलाशी लेने के बाद ही उसे प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के बाहर या अंदर किसी भी व्यक्ति को ब्लेड, बीडी, माचिस, मोबाइल फोन, खतरनाक रसायन व आग्नेय शस्त्र के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र में अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना केंद्रों पर मोबाइल फोन, पेन, पेपर, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, संदिग्ध वस्तु व असला ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। मतगणना केंद्र के आसपास यदि कोई असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में पुलिस कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते एसपी।


रेवाड़ी। जैन स्कूल में मतगणना केंद्र का जायजा लेते एसपी। फोटो : हरिभूमि

### व्यवस्था बनाने में सहयोग करें नागरिक

■ एसपी शशांक कुमार सावन ने जिला वासियों से मतगणना के दौरान शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। एसपी ने कहा कि नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर ऐसी ब्यानबाजी न करें, जिससे आपसी द्वेष भावना फैलने के साथ शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना हो। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नाकों से व्हीकलों को डायवर्ट करके निकाला जाएगा। मतगणना के दौरान मतगणना केंद्रों पर तैनाती के अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की कई टुकड़ियों को रिजर्व में रखा गया है।

### सरकुलर रोड पर आज रूट डायवर्ट

एसपी ने कहा कि स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सिक्योरिटी के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। निर्धारित स्ट्रांग रूमों में रखी गई मशीनों की निगरानी बीएसएफ के जवान, हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा जिला पुलिस के जवान कर रहे है। मतगणना के समय यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए शहर में नाके लगाए जाएंगे। कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जैन पब्लिक स्कूल में होगी। जैन स्कूल में मतगणना के दौरान 4 जून को सुबह से मतगणना समाप्त होने तक झज्जर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की ओर तथा धारूहेड़ा चुंगी से झज्जर चौक की ओर जाने वाले मार्ग को डायवर्ट किया गया है। झज्जर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की ओर जाने वाले वाहनों को वाया नाईवाली चौक, बस स्टैंड होते हुए धारूहेड़ा चुंगी की ओर से जाना पड़ेगा तथा धारूहेड़ा चुंगी से झज्जर चौक जाने वाले वाहनों को वाया बस स्टैंड, नाईवाली चौक होते हुए झज्जर चौक जाना पड़ेगा।

## मतगणना दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी करे स्टाफः डीसी


रेवाड़ी। काउंटिंग स्टाफ को जानकारी देते डीसी राहुल हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के हुए चुनाव के तहत माइक्रो ऑब्जर्वर व काउंटिंग स्टाफ 4 जून को होने वाली मतगणना प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता से करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा सोमवार को माइक्रो ऑब्जर्वर व मतगणना स्टाफ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मतगणना पर्यवेक्षक गुजरात कैडर के अधिकारी इंद्रजीत वाला तथा राजस्थान कैडर के अधिकारी अरुण कुमार हसीजा, एसपी शशांक कुमार सावन, एसडीएम विकास यादव, एसडीएम कोसली उदय सिंह, नायब तहसीलदार अजय कुमार सहित काउंटिंग स्टाफ मौजूद रहा।

### बावल की 19 राउंड में होगी मतगणना

डीसी हुड्डा ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 20 टेबल मतगणना स्थल पर लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि बावल विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 19 राउंड तथा रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 18 राउंड में पूरी होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि मतगणना से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950, कंट्रोल रूम टेलीफोन 0172-2701362 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पांच दिवसीय योग शिविर आज से

**नारनौल।** एडवांस योगा एंड थेरेपी सेंटर के तत्वावधान में मंगलवार से प्रातः पांच बजे से साढ़े छह बजे तक प्रसिद्ध योगाचार्य बजरंग जांगिड़ की देखरेख में राधा-कृष्णा पार्क में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आरंभ होगा। जिसमें बीपी, शुगर, मोटापा, कमर दर्द, माइग्रेन जैसी अनेक बीमारियों को योग व प्राणायाम के द्वारा ठीक किया जाएगा।

## पंचायत मंत्री ने सरपंचों को किया संबोधित

■ नालियों के चक्कर लगाने की बजाय गांव के विकास में ज्यादा ध्यान दें : महिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली।

विधायक सीताराम यादव के कार्यालय में सोमवार को हरियाणा प्रदेश के पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है कि गांव की पंचायत द्वारा कोई भी कार्य लंबित न हो। सरकार की तरफ से गांव के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में बजट रखा गया है। सरपंचों को भी कहा कि नालियों के चक्कर लगाने की बजाय गांव के विकास में ज्यादा ध्यान दें। सरपंच गांव में हर साल खेत की भूमि की मिट्टी की जांच करवाएं, जिससे किसान की फसल अच्छी हो सके। वह पैदावार ज्यादा मिले। इस मौके पर विधायक सीताराम यादव, जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, विधायक पुत्र प्रवीण यादव, प्रमोद यादव, सुरेश चंद शर्मा, सुगन चंद सैनी, चारों मंडल अध्यक्ष मंडल अशोक लंबा, कृष्ण कुमार शर्मा, सुरेश यादव, अतर सिंह कैमला, मुकेश कुमार, महामंत्री बजरंग शर्मा, राजपाल यादव व कुलदीप सुजापुर आदि लोग उपस्थित थे।


मंडी अटेली। विधायक कार्यालय में मौजूद पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य।

### अलग-अलग घटनाओं में शराब पीने से दो की मौत

**नारनौल।** अलग-अलग दुर्घटनाओं में अधिक शराब पीने से दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर के बहरोड रोड पर महिला कॉलेज के समीप बने अंडरपास के नजदीक रह रहे दिल्ली साऊथ के डेरा निवासी की अधिक शराब पीने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। दूसरी घटना गांव तिगरा की है, जहां करीब 28 वर्षीय संजय यादव की मौत हो गई। जानकारी मुताबिक संजय ने जब शराब का सेवन किया हुआ था, तब वह औंधे मुंह नाले में गिर गया। नाले में कीचड़ था और उसका मुंह कीचड़ की तरफ गिरने की वजह से उसको सांस नहीं मिल पाया और उसकी मौत हो गई। आईओ सुनील कुमार ने बताया कि संजय यादव की मौत अधिक शराब पीने व नाले में औंधे मुंह गिरने की वजह से हुई है।

## मतगणना में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन महत्वपूर्ण प्रक्रियाः डीसी

■ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में 4 जून को होने वाली 18वें लोकसभा आम चुनाव की मतगणना को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में सोमवार को काउंटिंग स्टाफ का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए नियुक्त किए गए मतगणना पर्यवेक्षक गुजरात कैडर के अधिकारी इंद्रजीत वाला तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए नियुक्त राजस्थान कैडर के अधिकारी अरुण कुमार हसीजा व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी मौजूद थे। द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से काउंटिंग अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम रेंडमाइजेशन के माध्यम से जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बावल, कोसली व रेवाड़ी की मतगणना के लिए टीम का चयन पहले ही किया जा चुका है। मतगणना अधिकारियों का आखिरी अंतिम रेंडमाइजेशन मंगलवार को सुबह 5 बजे किया किया जाएगा तथा मतगणना के दिन ही संबंधित स्टाफ को यह पता चलेगा कि उन्हें कौन सी टेबल पर मतगणना ड्यूटी देनी है।


रेवाड़ी। मतगणना स्टाफ की द्वितीय रेंडमाइजेशन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## श्रीराम के चित्र की बजाय उनके चरित्र पूजन से ही कल्याण संभवः अंजलि

■ गांव लुहाना में तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव लुहाना में तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की दूसरे दिन प्रवचन देते हुए भजन उपदेशिका अंजलि आर्या ने कहा कि हम सब राम को मानते हैं, राम की नहीं मानते-यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भगवान श्रीराम के चित्र की बजाय उनके चरित्र पूजन से ही कल्याण संभव है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन वृत्त से जुड़े रोचक प्रसंग सुनाकर भावविभोर किया। बृजेश कुमार, ओमप्रकाश तथा संजय कुमार के संगीत निर्देशन में श्रद्धालुओं ने अनेक भजनों का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर आर्य समाज लुहाना के प्रधान ओमप्रकाश, राज सिंह, राजकुमार, कप्तान हरपाल सिंह, रामकिशोर, जगदीश, यशपाल आर्य, धर्मवीर आर्य, सुशील पंच, मदन सिंह तथा बाबू विजेंद्र सिंह उपस्थित थे।



रेवाड़ी। श्रीराम कथा के दौरान प्रवचन देती अंजलि आर्या।

## एग्जिट पोल सर्वे साबित होंगे गलतः दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेसी नेता और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एग्जिट पोल सर्वे में भाजपा का जमकर गुणगान किया गया है। 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के विपरीत होंगे। प्रदेश की सभी सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज करेगी।

सोमवार को विधायक चिरंजीव राव के जनमदिन पर अचानक बधाई देने के लिए पहुंचे दीपेंद्र सिंह हुड्डा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता ने भाजपा के खिलाफ और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की आधी से अधिक सीटों पर भारी मतों से जीत रही है, जबकि अन्य पर भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करते हुए मतगणना मेंभ भी गड़बड़ी कराने का प्रयास कर रही है, ताकि वह बेइमानी से कम अंतर वाली सीटों को जीत सके। दीपेंद्र ने दावा किया कि इस बार कोसली हलके की जनता ने उन्हें अपार समर्थन दिया है, जिससे उनकी जीत को लेकर कोई संशय नहीं है।


दीपेन्द्र हुड्डा।

## हीट वेव के बचाव के लिए लग रहे पेयजल शिविर

■ डीसी ने नागरिकों से प्याऊ लगाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त मोनिका गुप्ता के आह्वान पर जिला में रेडक्रॉस सोसायटी व अन्य सामाजिक संगठन की ओर से हीट वेव के बचाव के लिए मीठे व शीतल पेयजल शिविर व प्याऊ लगा रहे हैं। ये प्याऊ भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझा रहे हैं। डीसी मोनिका गुप्ता ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए और अधिक संख्या में प्याऊ लगाएं। साथ ही पशुओं व पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि जीव-जंतुओं की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है। इसी कड़ी में शहर में भी दस से अधिक प्याऊ विभिन्न संगठनों की ओर से लगाई जा रही हैं। रेडक्रॉस की ओर से निरंतर तीसरे दिन रोटरी रसोई और नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से महावीर चौक पर मीठे व शीतल पेयजल शिविर लगाया गया है। यह शिविर चारों तरफ से आने वाले राहगीरों को काफी राहत दे रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल साथ रखें। दिन में बार-बार पानी पिएं। नींबू पानी जरूर पीएं। वहीं लस्सी का भी प्रयोग करें। जब भी घर से बाहर निकलें तब अपने सिर पर कपड़ा रखकर निकलें, ताकि सीधे सूरज की रोशनी सिर पर ना पड़े।


नारनौल। राहगीरों को शीतल पेयजल पिलाते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### मतगणना की सेंटर टेबल से जाने का रास्ता बंद करने पर उठाए सवाल

# अगर मुझे टिकट मिलती तो जीत तय थीः कैप्टन अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट कटने का मलाल पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को अभी तक है। पार्टी के फैसले को सिर-माथे पर बताते हुए कैप्टन ने दावा किया अगर इस बार पार्टी उन्हें टिकट देती, तो उनकी भारी मतों से जीत तय थी। हालांकि उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर की जीत की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

सोमवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैप्टन ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए ग्राउंड लेवल पर मेहनत करते हुए चुनाव की फसल तैयार की थी। अगर वह चुनाव लड़ते तो इस बार रिकॉर्ड मतों से जीत निश्चित थी, परंतु पार्टी हाईकमान ने ऐन मौके पर उन्हें टिकट से वंचित रख दिया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में काम कर रहे हैं। अपने बेटे चिरंजीव राव के साथ मिलकर उन्होंने प्रचार मैदान में जमकर मेहनत की, जिस कारण कांग्रेस प्रत्याशी कड़ी टक्कर देने की स्थिति में आ गए। उन्हें उम्मीद है कि राज बब्बर भाजपा प्रत्याशी को कड़े मुकाबले में शिकस्त देने में कामयाब रहेंगे।

उन्होंने कहा कि इस बार उन्हें राव इंद्रजीत के विरोध में अहीरवाल में बड़ा जनमत मिलने की पूरी संभावना थी, जिस कारण वह मतों के भारी अंतर से चुनाव जीत सकते थे।

वरिष्ठ नेता ने चुनाव आयोग के सुरक्षा हासिल करने वाले नेताओं को सेंटर टेबल तक जानेकी अनुमति नहीं देने के निर्णय पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अनुभवी नेताओं को चुनाव आयोग ने अपने निर्णय से मतगणना के समय सेंट्रल टेबल से दूर रखकर सही नहीं किया। इससे निष्पक्ष मतगणना पर भी संदेह पैदा हो रहा है।


कैप्टन अजय सिंह यादव।


चिरंजीव राव।

### जनता के बीच खुद को साबित करें

विधायक चिरंजीव राव के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कैप्टन ने कहा कि उनके बेटे ने उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया है, लेकिन राजनीति में बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए उन्हें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। चिरंजीव ने विधायक के रूप में हलके के लोगों की आवाज को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया है। लोगों के बीच रहकर उन्होंने इलाके में मजबूत पकड़ बनाई है, परंतु उन्हें ग्राउंड लेवल पर अभी और मेहनत करनी होगी।

## शारीरिक व आर्थिक रूप से साइकिल बहुत किफायतीः मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर के अध्यापक मुकेश कुमार ने विश्व साइकिल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण व सेहत के प्रति जागरूक कर साइकिलिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि साइकिल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। साइकिल चलाने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। शारीरिक व आर्थिक रूप से साइकिल बहुत ही किफायती है, जिसका भारतीय परिपेक्ष्य में लोग स्कूल व कॉलेज से लेकर कार्यस्थल तक जाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। साइकिल डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ शहर का प्रदूषण स्तर भी कम करती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखे तो साइकिल चलाने से हृदय, शुगर व मोटापा कम करने से लेकर मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। वर्तमान में तकनीक के विकास के साथ ही गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा है। इससे लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर पड़ा है, लोगों ने समय की बचत और सुविधा के लिए साइकिल चलाना कम कर दिया।


शिक्षक मुकेश कुमार।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 9 जून को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम स्थित कार्यालय में नौ जून को सुबह 10 बजे मासिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा करेंगे।

**ग्राम पंचायत चान्दनवास**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरि.)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चान्दनवास की कंडम पानी की टंकी व कंडम SC चौपाल को तुड़वाने व सामान की बोली दिनांक 07.06.2024 को 11 बजे पंचायत घर में लगाई जाएगी। इसके साथ कंडम क्रोसिंग जाल की भी बोली लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति समय पर आकर बोली लगा सकता है। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-सुनील सरपंच
ग्राम पंचायत चान्दनवास
खण्ड जाटूसाना रेवाड़ी
मो. - 8685808364

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** मालपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेक्टर-थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 25 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मालपुरा निवासी अजय, उर्मिला देवी व पूनम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी मामलों में तीन काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने खलियावास मोहल्ला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और धमकी देने के मामले में इसी मोहल्ले में रहने वाले धर्मेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया है। ढाकिया में मारपीट मामले में 11 मई को दर्ज किए गए केस में पुलिस ने गांव के बिजेंद्र व तन्नू को गिरफ्तार किया है। बाद में पुलिस ने आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** एसपी के आदेश पर दर्ज हुए धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मालपुरा निवासी राजबाला ने उसकी जमीन हड़पने और बैंक से पैसा निकालने के मामले में कई लोगों पर आरोप लगाए थे। डीएसपी पवन कुमार की जांच में आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद पुलिस ने बैंक मैनेजर सहित कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नंदरामपुर बास निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### मुरादपुरी में जहर खाने से युवक की मौत

**बावल।** मुरादपुरी में एक युवक ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार करीब 48 वर्षीय ओमप्रकाश ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। जहर खाने के कारणों की जांच की जा रही है।

### बाइक लेकर घर से लापता हुआ युवक



**नाहड़।** कारोली में पिता के धमकाने पर एक युवक बाइक लेकर घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में संदीप ने बताया कि उसके बेटे नितेश के कम अंक आए थे। उसने 2 जून को अपने बेटे को कम अंक आने पर धमका दिया। इसके बाद वह बाइक लेकर घर से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नही चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### नए सत्र में एनईपी होगी लागू

# रीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं को मिली सभी आधुनिक सुविधाएं

कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी के नए कोर्स लाने की तैयारी, विश्वविद्यालय से की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़



रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर। फोटो :हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्णनगर में छात्राओं के लिए आधुनिक नया भवन बन कर तैयार हो चुका है। नए भवन में 22 अप्रैल से छात्राओं का प्रवेश भी हो चुका है। दक्षिण हरियाणा में छात्राओं के लिए रीजनल सेंटर की शुरूआत 11 अगस्त 2014 को की गई थी। शुरूआत होने पर रीजनल सेंटर की पहले कृष्ण नगर ग्राम पंचायत की ओर से दिए गए प्राइमरी स्कूल के पुराने भवन में चलाया जा रहा था। अब रीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं की कक्षाएं शुरू की जा चुकी है। नए भवन में छात्राओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। नए सीजन में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार सभी कोर्स चलाएं जाएंगे। छात्राओं की मांग के अनुसार विश्वविद्यालय से रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी के सभी कोर्स चलाने की मांग की गई है।

**वर्तमान में यूजी व पीजी की 290 सीटें:** 2014 में रीजनल सेंटर की शुरूआत बीए कोर्स की 18 छात्राओं के साथ की गई थी। इसके बाद ग्राम पंचायत ने नया भवन बनाने के लिए 25 एकड़ भूमि रीजनल सेंटर के लिए दी थी, जिसमें अब छात्राओं के लिए नया भवन बनकर तैयार हो चुका है और छात्राएं अब आधुनिक सुविधाओं से लैस नए भवन में पढ़ाई कर रही है। रीजनल सेंटर में फिलहाल बीए की 100 सीटें है। इसके अलावा बीएससी नॉन मेडिकल की 60 सीट तथा बीकॉम ऑनर्स की 60 सीट उपलब्ध है। पीजी कोर्स में राजनैतिक विज्ञान की 40 सीट और एमए अंग्रेजी की 30 सीट उपलब्ध हैं।

### नए भवन में यह सुविधाएं उपलब्ध

करीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं के लिए ई-लाईब्रेरी उपलब्ध है। कम्प्यूटर लैब के साथ-साथ फिजिक्स, कैमेस्ट्री व बायोलॉजी की लैब की भी सुविधा हैं। छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए एनएसएस यूनिट भी संचालित की जा रही है। रीजनल सेंटर में सभी विषयों के लिए अनुभव सहित क्वालीफाइड फैकल्टी है। छात्राओं के लिए सुरक्षित यातायात के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध हैं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए नए भवन में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है।

### रीजनल सेंटर में चलती अनेक गतिविधियां

छात्राओं के सर्वागीण विकास व प्रतिभा को निखारने के लिए रीजनल सेंटर में समय-समय पर अनेक गतिविधियां आयोजित की जाती है। एनएसएस यूनिट की ओर से शिविर लगाकर श्रमदान किया जाता है। इसके अलावा शिक्षा को लेकर सेमिनार भी आयोजित किए जाते है। छात्राएं पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़-चढ़कर भागेदारी करती है। छात्राएं यूनिवर्सिटी में होने वाले युवा महोत्सव में भी अनेक पुरस्कार जीत चुकी है।

### जल्द दाखिले के लिए शेड्यूल जारी होंगे



रीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं के सर्वांगिण विकास और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए कोर्स व कार्यक्रम करने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जल्द ही नए सत्र के दाखिले के लिए शेड्यूल जारी होने वाला है। रीजनल सेंटर में नए कोर्स शुरू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए विश्वविद्यालय से मांग की गई है। रीजनल सेंटर का नया भवन सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। *-प्रो. बलबीर सिंह, निदेशक, रीजनल सेंटर।*



रेवाड़ी। छबील पर मीठा पानी पीते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

## कर्मचारियों ने गर्मी में छबील लगाकर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भीषण गर्मी के चलते जिले में प्रतिदिन सामाजिक लोग सड़क पर मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमा रहे है। सोमवार को उपायुक्त कार्यालय स्टाफ की ओर से लघु सचिवालय के बाहर छबील लगाई गई। कर्मचारियों की ओर से सचिवालय में आने वाले लोगों व राहगीरों को नींबू की शिकंजी पिलाकर गर्मी में राहत दी गई। कर्मचारियों की ओर से सचिवालय के पास गर्मी में पानी पिलाने के लिए छबील पहली बार लगाई गई है। छबील पर सुबह से दोपहर तक काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही। कर्मचारियों की ओर से छबील लगाने में पर्यावरण का भी पूरा ध्यान रखा गया। प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास की जगह कागज के गिलास इस्तेमाल किए गए। कर्मचारियों की ओर से लगाई गई छबील पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मीठा पानी पिया तथा कर्मचारियों के इस पुण्य कार्य की सराहना की।



रेवाड़ी। कागज के गिलासों में मीठा पानी भरते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## मंदिर का दानपात्र चोरी करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना सदर पुलिस ने किशनगढ़ बालावास के मंदिर में दानपात्र चोरी करने के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस को दर्ज शिकायत में लालसिंह ने बताया था कि 13 मई की रात चोर गांव के मंदिर का दानपात्र चोरी कर ले गए। ग्रामीणों की पंचायत बुलाकर पास के ही एक अन्य मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई तो उसमें रसूली निवासी कपिल और बालावास निवासी प्रदीप दिखाई दिए। इसके बाद आसपास के गांवों की पचायत बुलाई गई, जिसमें कपिल ने मंदिर का दानपात्र चोरी करने की बात स्वीकार की थी। उसने बताया कि प्रदीप के साथ मिलकर उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने कपिल को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पहले दुकानदार से पहचान बनाई, बाद में स्कूटी व मोबाइल लेकर फरार

**रेवाड़ी।** पोसवाल चौक पर रेहड़ी लगाने वाले एक दुकानदार से जान-पहचान बनाकर एक युवक उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अमानत में खयानत का केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। वाल्मीकि बस्ती निवासी तरुण ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह पोसवाल चौक पर अंडे व पकोड़े की रेहड़ी लगाता है। उसके पास लगभग 15 दिनों से एक युवक अंडे खाने के लिए आता था। उसने अपना नाम राहुल बताया था। यह भी बताया कि वह विजय नगर में किराए के मकान में रहता है। गत 12 मई को वह उसके पास आया। उसने बताया कि उसे किसी जरूरी काम से जाना है। उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन कुछ देर के लिए चाहिए।

## दीपेन्द्र बने प्रथम ओपन आइस बाथ चैम्पियनशिप के विजेता

- जीवन में अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथि। फोटो :हरिभूमि

प्रथम ओपन आइस बाथ चैम्पियनशिप का आयोजन रॉबिन फिटनेस प्वाइंट गांव खोरी में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

चैम्पियनशिप का उद्घाटन एशियन बाड़ी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस के महानिदेशक अमित स्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश यादव एवं जिम एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक व सलाहकार प्रिंस ग्रोवर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अमित स्वामी ने कहा कि जीवन में दृढ़ संकल्प और मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी युवा साहस रखें। प्रतियोगिता का आयोजन सुरजीत यादव व टीम ने किया। वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश यादव ने कहा कि युवा खेलों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। विशिष्ट अतिथि प्रिंस ग्रोवर ने आयोजन समिति व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में गांव शहबाजपुर के दीपेन्द्र कुमार ने 45 मिनट 22 सैकेंड बर्फ के पानी में रहकर प्रथम स्नान प्राप्त किया। पातूहेड़ा के उदय गुर्जर ने 37 मिनट 49 सैकेंड बर्फ के पानी में रहकर द्वितीय तथा गांव टींट के नवीन ने 35 मिनट 25 सैकेंड बर्फ के पानी में रहकर तृतीय स्नान प्राप्त किया। समाजसेवी एवं पूर्व जिला पार्षद प्रशांत यादव सन्नी, अमित स्वामी तथा प्रिंस ग्रोवर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रशांत यादव ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि ग्रामीण अंचल के युवा खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। जीवन में अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। प्रतियोगिता के विजेताओं को 3100, 2100 व 1100 रुपये तथा अतिथियों की ओर से विशेष रूप से 1500, 1100, 500 रुपये की पुरस्कार राशि तथा मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में सबसे युवा प्रतिभागी शहबाजपुर के भव्य व विख्यात दिव्यांग खिलाड़ी संजय पहलवान जलियावास को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका रूपेन्द्र यादव, आर्यन यादव, सचिन कुमार तथा अशोक यादव ने निभाई। इस मौके पर डा.अनिल कुमार व उनकी टीम तथा बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन में कार्यरत हरचंद डहीना उपस्थित थे।

### बीए में अब अंग्रेजी व हिंदी विषय अनिवार्य नहीं, नई शिक्षा नीति से होगी पढ़ाई

**रेवाड़ी।** सोमवार को कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डा. दलबीर सिह यादव की अध्यक्षता में एडमिशन कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अर्न्तगत दाखिला से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। मिथलेश यादव एसोसिएट प्रोफेसर गृहविज्ञान विभाग को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया। सोमवार से दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्टेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। मिटिंग में निर्णय लिया गया कि नए सत्र में दाखिले की इच्छुक छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से उचित सुविधा प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क एवं ऑनलाइन फार्म भरने की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। ऑनलाइन फार्म भरने के लिए लोकेश्वर शर्मा को नियुक्त किया गया है। प्राचार्य डा. यादव ने बताया कि इस वर्ष से बारहवीं कक्षा के एक विषय में कंपार्टमेंट वाली छात्राओं को भी दाखिला दिया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत छात्राओं को विषयों की सूचि में से तीन मेजर कोर्स प्रत्येक चार क्रेडिट व एक माईनर विषय दो क्रेडिट का चयन अपनी रूचि अनुसार करना होगा। इस वर्ष से अंग्रेजी एवं हिंदी विषय अनिवार्य नहीं होंगे।



रेवाड़ी। खोल हाउस में आयोजित बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## राष्ट्रीय नवचेतना मंच ने की लोकसभा चुनाव की समीक्षा

**रेवाड़ी।** सोमवार को सरकुलर रोड स्थित खोल हाउस में राष्ट्रीय नवचेतना मंच की ओर से लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। मंच के अखिल भारतीय संयोजक विजय सोमाणी ने कहा कि संस्था की ओर से चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि मंच की ओर से मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सभी आपसी प्रेम और सहयोग से अपने संगठन को मजबूत करें। सोमाणी ने कहा कि संगठन आगे भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी पूरी करने का पूरा प्रयास करेगा, जिसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। बैठक में एडवोकेट परिवर्तन सोमाणी, पूर्व जिला पार्षद धर्मेंद्र खटाना, हवासिंह रावत, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष समय सिंह, प्रदीप शर्मा, सुभाष, डा. जितेंद्र, अमित सुगंध, आरके शर्मा, उमेश पंडित, मदन लाल गांधी, ईश्वर सिंह, प्रेमराज भूड़ला, विकास गुप्ता, राकेश शर्मा संगवाडी व गणेश मौजूद थे।

### अग्रवाल सभा के कैंप में 130 मरीजों की हुई जांच

**रेवाड़ी।** अग्रवाल सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड़ स्थित अग्रवाल भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने चिकित्सकों के साथ कैंप मे सहयोग दिया। कैंप में मरीजों की फिजियोथेरेपी भी की गई। अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि यह सभा का चौथा कैंप था। कैंप पूर्णतया निःशुल्क एवं सर्व समाज के लोगों के लिए है। अग्रवाल सभा की ओर से निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप प्रत्येक महीने के पहले रविवार को लगाया जा रहा है। सभा के उपप्रधान एडवोकेट राकेश गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार हमारे समाज के चिकित्सक अपनी निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं, वह धन्यवाद के पात्र हैं। कैंप में मरीजों को मुफ्त दवाई उपलब्ध कराई गई।

## कंपनी कर्मचारी का फोन छीनकर फरार, चंद घंटे में किया गिरफ्तार

- आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 में फोन पर बात करते हुए घर जा रहे एक कंपनी कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर बाइक सवार फरार हो गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। हिसार के बालसमंद का रहने वाला पवन कुमार एक कंपनी में नौकरी करता है। वह सेक्टर-6 में किराए के मकान में रहता है। गत 1 जून की रात वह कंपनी में ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था। पैदल चलते समय रास्ते में उसके घर से फोन आ गया। वह चलते हुए फोन पर बात कर रहा था। बाइक पर आया एक व्यक्ति उसके हाथ से फोन छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने जांच के बाद नूंह के पढ़ेनी निवासी मोहम्मद अख्तर को मोबाइल फोन छीनने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## 110 परिवारों की समस्याओं का निपटारा

- शिविर में 130 से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-1 कार्यालय में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता व शिकायतों के समाधान के लिए सोमवार को शिविर लगाया गया। पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने बताया कि लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए रोजाना कैंप लगाए जा रहे है, जिसमे सभी योजनाओं की जानकारी देने के साथ किसी भी योजना के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कत का समाधान किया जा रहा है।

शिविर में 130 से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा 110 लोगों की शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। सेवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक दलीप शास्त्री ने लोगों को बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन व मकान नवीनीकरण योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सुशीला, रामगिरी, राजेश, ईश्वर, अशोक कुमार, वेद प्रकाश, मुकेश कुमार, राजकुमार, नवीन सैनी, पंकज, राकेश कुमार, सविता, संदीप कुमार व धर्मराज सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए सतीश खोला। फोटो :हरिभूमि

**राजनीति** | लगभग 15.96 लाख मतदाताओं का फैसला आज होगा सार्वजनिक

# बब्बर और 'शेर' के बीच फैसला आज, समर्थकों की बड़े जश्न की तैयारी

- काउंटिंग के अंतिम राउंड तक नहीं छोड़ेंगे राज बब्बर समर्थक उम्मीद

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गत 25 मई को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के लगभग 15.96 लाख मतदाताओं ने सांसद का चयन करने के लिए जो फैसला ईवीएम में सुरक्षित किया था, वह 4 जून को सार्वजनिक हो जाएगा। अहीरवाल की इस महत्वपूर्ण सीट पर बब्बर और शेर के बीच हुई जंग में विजेता की घोषणा मंगलवार को हो जाएगी। राव समर्थकों ने जीत सुनिश्चित मानते हुए बड़े जश्न की तैयारी शुरू की हुई है, तो अंतिम राउंड की मतगणना तक राज बब्बर समर्थकों की उम्मीद भी नहीं टूटने वाली। अगर राव चुनाव जीतते हैं, तो वह इस सीट से लगाकार चौथी बार सांसद बनने का गौरव हासिल करेंगे। इस लोकसभा सीट पर 17 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। इस सीट पर सांसद का चयन करने के लिए 1596240 मतदाताओं ने ईवीएम का बटन दबाया था, जिनमें 858499 पुरुष और 737734 महिला मतदाता शामिल थीं। भाजपा और कांग्रेस के साथ इस सीट पर बसपा, इनेलो और जेजेपी ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा था। इनेलो और जेजेपी प्रत्याशी दोनों एक-दूसरे से ज्यादा मत हासिल करने की होड़ तक सीमित रहे, जबकि बसपा प्रत्याशी भी औपचारिकता तक सीमित रहे। राव समर्थक शुरू से ही उनका पलड़ा वजनदार मानकर चल रहे थे। राज बब्बर के मैदान में आने के बाद उनके बाहरी होने का फायदा उठाने के लिए राव समर्थकों ने इसका जमकर प्रचार किया था। इसके बावजूद पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव और उनके विधायक चिरंजीव राव की मेहनत ने राज बब्बर को मुकाबले में मजबूती से खड़ा होने लायक बना दिया था। राव समर्थक इस बार उनकी पहले से बड़ी जीत की कामना लेकर मैदान में उतरे थे, लेकिन राज बब्बर की कड़ी टक्कर के बाद वह स्वीकार करने लगे कि जीत वर्ष 2019 जितनी बड़ी नहीं होगी। राज बब्बर समर्थक एग्जिट पोल सर्वे के बावजूद इस सीट पर बड़ा उलटफेर होने की संभावना भाजपा के भीतरघात से जोड़कर लगा रहे हैं।

**हलवाइयों ने भी तैयार की मिठाई:** चुनाव परिणाम को लेकर हलवाइयों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रसिद्ध मिठाइयों की दुकानों पर हलवाइयों ने चुनाव परिणाम को लेकर खासतौर पर लड्डू तैयार किए हैं। परिणाम में जीत-हार चाहे किसी की भी हो, जीत के बाद लड्डू की डिमांड तो रहेगी ही। इसी उम्मीद के साथ दो दिन से हलवाई लड्डू तैयार करने में लगे हुए हैं।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में तैयार कराए गए लड्डू।



राव इन्द्रजीत सिंह।



राज बब्बर।